Therefore the idea behind the Bill is that proper care should be taken by Government so that public industries may function properly and the loss that is being incurred in some of the undertakings may be avoided and they may run properly. If public undertakings run properly and give a good return, that will be so much help to the country and a number of taxes which are now being imposed or the deficit financing that has got to be resorted to may also be avoided. Therefore care should be taken when an

[Shri Himatsingka]

industry is started and also after it has started by putting proper persons in proper places so that mistakes may not be made in running those industries. I hope Government will examine this Bill from that point of view.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : चेयरमैन महोदय, कोठारी साहब ने जो बिल पेश किया है और इसमें जिस चीज की मांग की है, उसमें मुझे काफी सच्चाई नजर आती है। इसमें कोई शक नहीं है कि इससे कुछ ग्रोटोमी में फर्क जरूर पड़ता है। पब्लिक अन्डरटेकिंग्स जो हैं, वे कारपोरेशन की तरह की बोडीज हैं और वे कुछ आजाद भी हैं और उनकी आजादाना हैसियत है। लेकिन अगर आजादाना हैसियत में बेलगाम का घोड़ा बन जाए और उस अन्डरटेकिंग में दुनिया भर की क्रपशन आ जाये या दुनिया भर की उसमें खामियां आ जायें, तो फिर हकूमत का उसमें थोड़ा बहुत कन्ट्रोल होना या थोड़ा बहुत सुपरवीजन होना, यह कोई खराबी की बात नहीं है। अगर ऐसा न किया जाये तो यह भी एक तरह से इंडिपेंडेंट नेशन्स ही बन जाती हैं, इन्डिपेंडेंट किंगडम्स सी बन जाती हैं। चाहे वह अन्डरटेकिंग रेलवे की हो, चाहे एल० आई० सी० की हो, चाहे हिन्दुस्तान स्टील की हो, चाहे ट्रान्सपोर्ट की हो, कोई भी हो, ये एक तरह की किंगडम्स सी ही हैं और अगर बाहर के देशों के साथ आजादाना उनके एग्रीमेंट्स हो जायें, तो फिर सोवरन किंगडम्स बन जाती हैं और फिर चाहे वह फाइनेन्स मिनिस्ट्री हो, या ला मिनिस्ट्री हो या रिजर्व बैंक हो, वे यूं ही रह जाते हैं। तो मैं यह महसूस करता हूं कि उनकी आजादाना हैसियत हो, लेकिन देश के हित में, जहां जहां उनमें गड़बड़ियां हों, जहां जहां लूपहोल्स हों और क्रपशन के लिए जहां जहां लूपहोल्स हों, उनको प्लग किया जाये और उन पर सुपरवीजन हो।

मैं कुछ ऐसा महसूस करता हूं कि हम जा तो रहे हैं सोशेलिज्म की तरफ लेकिन चेयरमैन साहब जब हम इन पब्लिक अन्डरटेकिंग्स की तरफ देखते हैं तो उनके बारे में जो स्लोगन लगाये जाते हैं, उनको सुनकर खुश हो जाते हैं लेकिन उनके जो मूल नतायज निकलते हैं और उनमें जो कुछ हमें देखने को मिलता है, वह दूसरी ही चीज होती है। मैं उन आदमियों में से हूं जो यह चाहते हैं कि बडी जो इन्डस्ट्रीज हैं या अदायरे हैं, उनको नेशनेलाइज किया जाए। होने भी चाहिये लेकिन उसके साथ-साथ यह भी तो आवश्यक है कि उनमें नुकसान न हो। आप के एल० आई० सी० में, आपकी रेलवेज में घाटे का बजट न हो और आपके एयरवेज की हालत भी अच्छी हो। मैं साफ कहना चाहता हूं कि कोई अदायरा नहीं है जहां पर नुकसान न होगा। आपने 4 हजार करोड़ रुपये डम्प कर दिये इस देश के। मेरा ऐसा ख्याल है कि अगर आप हरेक गांव में वह रुपया बांटते, एक एक गांव को 5०, 50 हजार रुपया देते, उसको गरीब हरिजनों, आदिवासियों और गरीब किसानों को देते, तो शायद अच्छी रिटर्न आपको मिलती। 4 हजार करोड़ रुपये आपने डम्प कर दिये और नतीजा यह है कि किसी अंडरटेकिंग में 50 करोड़ का नुकसान है, किसी में 20 करोड़ रुपये का नुकसान है और किसी में डेढ़, दो करोड़ रुपये का नुकसान है। मुनाफे की बात तो कहीं नजर ही नहीं आती। तो मैं महसूस करता हूं कि यह जो नेशन का रुपया है, गरीब लोगों का रुपया है, किसानों और हरिजनों का जो रुपया है और 50 करोड़ लोगों के खून की यह जो कमाई है, इसको बर्बाद न किया जाए। मैं आपको मिसालें देना चाहता हूं। अभी कुछ रोज पहले मैंने एल० आई० सी० में जांच की, तो वहां की जो हालत है, उसको चेयरमैन साहब मैं बताऊं कि वहां पर सारा क्रपशन ही क्रपशन है। वहां गरीबों की तो कोई सुनवाई नहीं। वहां तो बीच के दर्जे वाले लोगों, या अमीर या शहरवाले बड़े आदमियों की ही सुनवाई होती है। वहां गरीबों की कोई पूछ नहीं है। अगर वहां गरीब किसान या गरीब

मजदूर जा कर कहें कि उसे ट्रेक्टर के लिए रुपया चाहिये या पम्पिंग सेट के लिए रुपया चाहिये तो मिलेगा नहीं। अगर गरीब आदमी रिक्शा के लिये पैसा लेना चाहे तो उसे मिलेगा नहीं। अब नेशनेलाइजेशन आफ बैंक्स हो गया है। मुझे तो कपकपी सी लगती है और मैं तो उन आदमियों से हूँ जो कि साफ बात कहते हैं।

जो हालत आज हम एल० आई० सी० की देखते हैं उससे देश का भला नहीं हो सकता। दिल्ली में मकान बनाइये तो हजारों रुपये कर्जा मिल जाता है, लेकिन गांव में अगर एक हरिजन दो सौ रुपये लेना चाहेगा तो उसको नहीं मिलेगा। इतना फर्क क्यों समझा जाता है? अगर कहीं भी शहर में सट्टे के लिये चोरबाजारी के लिए कितना ही रुपया आप लगा सकते हैं तो देहातों में अच्छे काम के लिए, प्रोडक्शन के लिए, पानी की सिंचाई के लिये, बिजली के लिये, रोड्स के लिये और गांव के स्तर को ऊंचा करने के लिये क्यों नहीं रुपया दिया जाता है? मैं उम्मीद करता हूँ कि शायद अब कुछ हालत तब्दील होगी। बहुत बढ़िया हमारे फाइनेंस मिनिस्टर हैं, तरक्की पसन्द हैं। बड़ी जैनाइन है हमारी प्राइम मिनिस्टर। जैसे वह चल रही हैं उससे मुझे उम्मीद है। पीछे बीस साल की हिस्ट्री में एक बात भी नहीं कर पाये।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूँ, चेयरमैन साहब, वह यह है कि ट्रांसपोर्ट में हमने हालत बहुत बुरी देखी। आप देख लीजिये कि दुनिया भर की आमदनी उसमें नजर आती है, लेकिन बगैर टिकट सफर को रोक नहीं सकते, चाहे वह रेल हो, बसें हों और यहां तक करप्शन है कि टिकट भी बोगस छपा लेते हैं। (व्यवधान)

मैं कह रहा हूँ कि यह जो करप्शन हो रहे हैं उन पर कंट्रोल होना चाहिए। तो मैं चेयरमैन साहब कहना चाहता हूँ कि हम तरक्की पसन्द कदम ले रहे हैं, लेकिन कदम, जैसा कि प्राइम मिनिस्टर ने कहा, जरा जमाके रखने चाहिये जो फिर हिलें नहीं। हिन्दुस्तान स्टील को ही देख लीजिये—आदमी चाहे कोई भी हो, कांग्रेस का हो, या अपोजिशन का—डाइरेक्टर जो हैं, वे अपने आदमी, सियासी आदमी पकड़ लेते हैं। एल० आई० सी० का चेयरमैन आई० सी० एस० आदमी है, मैं उसका नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन सारी उम्र जिनके बाल सफेद हो गये एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस में, एल० आई० सी० के काम को क्या जानें। जितने बड़े-बड़े आदमी हैं, आई० सी० एस० हैं, आई० पी० एस० हैं उनको लगा रखा है वहां जहां तक काम नहीं कर सकते। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि इन कुशियल पोस्ट्स में प्राइवेट सैक्टर, श्री लोबो प्रभु का एक अलग सैक्टर चलता है से आदमी लिये जायें, बिड़ला के एक्सपर्ट्स लिये जायें, चाहे फूड कारपोरेशन हो या दूसरा हो, अगर आपको अच्छे टेलेन्ट्स नहीं मिलते है तो उनको बाहर से लिया जाए। मैं कहूँगा कि यह करना बहुत जरूरी हैं। उन्होंने चोरबाजारी का, मुनाफे का और करप्शन का जो यह आइडिया दिया है, यह ठीक आइडिया दिया है।

मैं आपका बड़ा मशकूर हूँ कि आपने मुझे मौका दिया। मैं कहना चाहता हूँ कि यह जरूरी है कि इतने बड़े करप्शन पर कब हो इसके लिये जो बिल पेश किया है उसके जो कंटेन्ट्स हैं उससे मैं इत्तिफाक करता हूँ। इसकी तरफ जो उन्होंने तवज्जह दिलाई वह ठीक होनी चाहिये।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय, श्री कोठारी जी ने जो यह बिल पेश किया इसके लिये मैं उनको धन्यवाद देता हूँ कि हमें इससे सरकारी क्षेत्रों के कारखानों में होने वाली गड़बड़ियों के सिलसिले में विचार करने का मौका मिला। इनकी नीयत सरकारी क्षेत्रों के कारखानों में जो गड़बड़ी होती है उनको दूर करने की मालूम होती है, लेकिन केवल इतना ही यदि इनके बिल का स्वरूप है तो वह काफी नहीं है। हमें और आगे बुनियादी बातों को

[श्री रामावतार शास्त्री]

तरफ जाना पड़ेगा और वह बुनियादी बात यह है कि हमारे यहां कांग्रेस की हुकूमत है जिसकी आर्थिक नीति मिश्रित आर्थिक नीति है यानी यहां पूंजीवाद भी चले और प्राइवेट सैक्टर भी चले। लेकिन इनकी मूल नीति हिन्दुस्तान के अन्दर पूंजीवाद का निर्माण करने की पिछले 22 वर्षों से रही है। जब तक यह नीति रहेगी तब तक पब्लिक अन्डरटेकिंग्स को ये सचमुच चुस्त और दुरुस्त नहीं कर सकेंगे, इस में तरह तरह की गड़बड़ियां आती रहेंगी। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार समाजवाद का केवल नाम लेना बन्द करे क्योंकि इससे काम नहीं चलेगा। वह थोड़ा काम भी करे और आर्थिक नीति में परिवर्तन लाये, पूंजीवाद के विकास के रास्ते पर चलना छोड़ कर गैर-पूंजीवादी विकास के रास्ते पर चले। तभी वह देश का नव-निर्माण कर सकेगी और आर्थिक विकास हो पायेगा।

आज हमारे देश में जो सरकारी उद्योग-धन्धे हैं वे बड़े ही महत्वपूर्ण हैं, जिन का खड़ा करने के लिये, यह बड़ी खुशी की बात है और हमारे जैसे समाजवादी विचार के लोगों को गौरव अनुभव होता है कि समाजवादी देश मदद कर रहे हैं। उनकी मदद से इस प्रकार के उद्योग-धन्धे पूरे देश में खड़े किये जा रहे हैं। अगर हमने उनको सफलता के साथ आगे चलाया तो हमारा देश आर्थिक मामलों में आत्म निर्भर होगा, हम दूसरों के आगे हाथ पसारना बन्द करेंगे और जो हमारी विदेशी मुद्रा बेकार खर्च हो जाती है उसकी बचत होगी। हम सही मानों में देश को समाजवाद की तरफ ले जा सकेंगे। इसलिये बुनियादी नीति में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। तभी हम आत्म-निर्भर भी होंगे, सम्राज्यवाद की तरफ देखना बन्द करेंगे और हमारी आजादी पर समय समय पर जो खतरा उत्पन्न होता रहता है उस से भी बच सकेंगे। सरकार से मेरा यही निवेदन है।

इसके बाद में सरकारी क्षेत्र के एक दो कारखानों का जिक्र करना चाहता हूं। सोवियत संघ की मदद से सूरतगढ़ फार्म बना हुआ है। उसने एक नया रास्ता दिखलाया कि किस तरीके से मरु भूमि को भी हम आबाद कर सकते हैं, हरा भरा बना सकते है और वहां अन्न पैदा कर सकते है। लेकिन बदकिस्मती की बात है कि हमारे सदन के एक माननीय सदस्य, श्री मसानी, जो पब्लिक अकाउंट्स कमेटी के चेयरमैन भी रह चुके हैं, कभी समाजवादी बनते हैं, कभी टाटा के यहां जाकर नौकरी करते हैं और कभी विग बिजिनेस के सबसे बड़े इजारेदार पूंजीपतियों की नुमाइन्दगी इस सदन में करते हैं। उन्होंने पब्लिक अकाउंटस कमेटी जैसी जवाबदेह कमेटी को सोवियट यूनियन पर हमला करने के लिये इस्तेमाल किया, जो नहीं होना चाहिये था। लेकिन सूरतगढ़ फार्म ने जो काम किया है, वह सरकार के सामने है, देश की जनता के सामने है। हमारे देश के कुछ लोग जो इजारेदार पूंजीपतियों के करीब आ चुके हैं उनकी दिन रात यही कोशिश रहती है कि हम समाजवादी देशों की मदद से चलने वाली पब्लिक अन्डरटेकिंग व फार्म के ऊपर हमला करें।

हरिद्वार में दवाओं यानी ऐन्टी-बायोटिक्स का कारखाना है। यह बहुत बड़ा कारखाना है। सोवियट रूस की मदद से यह कारखाना बनाया गया। लेकिन हमारे "महान समाजवादी" श्री अशोक मेहता ने, जो एक जमाने में पेट्रोलियम मिनिस्टर थे और जिन्होंने 17 तारीख को उछल उछल कर भाषण दिया कि रूबात में हमारे देश का अपमान हो गया, उस के साथ भीतर घात करने की कोशिश की, इसको बदनाम करने की उन्होंने कोशिश की। उन्हें तो सोवियत संघ की मदद से इसको आगे बढ़ाने की तरफ जाना चाहिये था। लेकिन वह इस तरफ नहीं गये। आज भी षड़यन्त्र चल रहा है कि उसको बदनाम कर दिया जाये। जिस के चलने से हम दवा के मामले में आत्म-निर्भर हो सकते थे उसका भीतर-घात किया जा रहा है।

इसी तरह से रांची के अन्दर एच०ई०सी० है। सोवियत संघ, चेकोस्लोवाकिया और दूसरे

समाजवादी देशों की मदद से वह कारखाना चल रहा है। वहां का क्या हाल है ? जब मजदूर मजदूरी मांगते हैं, कर्मचारी मजदूरी मांगते हैं तो सरकार कहती है कि पैसा नहीं है। लेकिन किस तरीके से वहां बड़ी बड़ी तनख्वाहों पर जनता का पैसा बरबाद किया जा रहा है, जिसकी वजह से जो यहां वकालत करते हैं विग बिजिनेस की उन्हें मौका मिलता है पब्लिक सेक्टर अन्डरटेकिंग्स पर हमला करने का, उस की तरफ मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। सब जगह पब्लिक अन्डरटेकिंग्स में एक चेयरमैन होता है, वहां एक डिप्टी चेयरमैन का भी पोस्ट है। पता नहीं किस लिये। शगोटा साहब को, जो जनसंघ की खुल कर मदद करते हैं, रायट करवाने में मदद करते हैं, वहां के मुसलिम कर्मचारियों को बसाने के लिये हैवी इंजीनियरिंग कन्सल्टेटिव कमेटी में जो एकमत से फैसला हुआ कि उन को जगह दी जाय, वह पसन्द नहीं आया।

उन्होंने गुप्त रूप से जनसंघ को उकसा दिया फलत दूसरे लोगों ने, जनसंघ के समर्थकों ने जिनके पास क्वार्टर हैं, वहां जा कर उन पर ताला लगा दिया। वहां के डी० सी० ने मदद की इस काम में जगोटा साहब जो वहां डिप्टी चेयरमैन है उनकी क्या जरूरत है ? अगर इस तरह से बेकार खर्च करेंगे तो आपको नुकसान होगा। इस बात को सेठी साहब जानते हैं, आप भी जानते हैं, सभी लोग जानते हैं। इस तरह से पैसा खर्च करना बरबादी करना है। यह गलत है।

सोलह करोड़ की इनवैंटरी एच०ई०सी० और 22 करोड़ की इनवैंटरी रेलवे में होती है हर साल। 22 करोड़ की इनवैंटरी के लिये रेलवे में ग्यारह सौ तनख्वाह पर एक अफसर हैं जबकि यहां ग्यारह अफसर हैं 16 करोड़ की इनवैंटरी के लिये और उनको 1100 से 1300 रुपये मासिक तनख्वाह दी जाती है। ऐसी अवस्था में घाटा नहीं होगा तो क्या मुनाफा होगा ? 1500 या 2000 के अलावा वहां अफसर हैं। उनके वेज बिल को आप देखें और जो सोलह हजार मजदूर है उनके वेज बिल को देखें। आपको पता चल जाएगा कि उसकी वजह से कितना नुकसान होता है। समाजवादी देशों की मदद से कारखाने कायम करने की कोशिश की जाए और वहां पर पैसा बरबाद हो, यह बरदाश्त नहीं किया जा सकता है। जो साम्प्रदायिक तत्व हैं, फिरकापरस्त लोग हैं उनको मौका दिया जाय कि वे वहां की शांति को भंग करें इसको किसी भी अवस्था में बरदाश्त नहीं किया जा सकता है। प्रोडक्शन को वे ठप्प करें, इसको बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सरकार को वहां जो मुसलमान कर्मचारी हैं उनको बसाने का बन्दोबस्त करना चाहिए। इंजीनियरिंग वेज बोर्ड के फैसले को फौरन लागू करना चाहिये। उसको लागू कराने के लिए जमशेदपुर के अन्दर और सिंहभूम के मऊभंडार के अन्दर पचास हजार इन्जिनियरिंग मजदूर आन्दोलन कर रहे हैं हड़ताल कर रहे हैं। इसकी हवा हटिया के अन्दर भी फैली है। पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्ज के अन्दर, बोकारो के स्टील कारखाने के अंदर जो ठेकेदार हैं, वे मजदूरों का खून चूसते हैं। मजदूरों को गोली मार कर उनको आप भून सकते हैं। सरकार की बुनियादी नीति को आप को बदलना होगा। तभी इसके द्वारा या कोई बड़ा बिल लाकर काम अच्छी तरह से चलाया जा सकेगा। स्वतंत्र पार्टी वाले, जनसंघ वाले इनको समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे देश को नुकसान होगा। आपको उनसे सावधान रहना होगा।

श्री नाथूराम अहिरवार (टीकमगढ़) : माननीय कोठारी जी ने जो बिल पेश किया है, उसकी मंशा से मैं बिलकुल सहमत हूं। सभी माननीय सदस्यों ने कहा है कि जो कारखाने पब्लिक मैनेजमेंट में चल रहे हैं उनमें से हमें घाटा हुआ है।

सभापति महोदय आप देखें कि 3500 या 4000 करोड़ रुपया देश का इनमें लगा हुआ है। एक कारखाना खड़ा करने में सौ सौ और

[श्री नाथूराम अहिरवार]

दो दो सौ करोड़ रुपया भी लगा है। इनमें बड़ी बड़ी मशीनें लगाई गई हैं। जिन कारखानों को स्थापित होने में दस दस साल लग जाते हैं उनसे यह आशा की जाये कि हमें तुरन्त फायदा होने लग जाये तो यह असम्भव बात है।

लेकिन जो कारखाने लग भी गये हैं और जहां उत्पादन शुरू भी हो चुका है वहां उत्पादन उतना नहीं हो रहा है जितना हम चाहते थे या जो हमारा लक्ष्य था।

मैं एक और बात कहना चाहता हूं। दूसरों के बारे में तो मुझे पता नहीं लेकिन अपने प्रदेश के कारखानों के बारे में मुझे पता है। वहां दो कारखाने लगे हैं। एक भिलाई में और एक हैवी इलैक्ट्रिकल्ज कम्पनी भोपाल में। वहां मैंने देखा है कि प्रान्तवाद और क्षेत्रवाद की भावना बहुत ज्यादा फैली हुई है। मेनेजिंग डायरेक्टर जिस प्रदेश विशेष का होता है उसी प्रदेश विशेष से कर्मचारी वर्ग जो होता है, उसको रख लेता है, ऊपर के जितने बड़े अधिकारी होते हैं, वे सभी उसी प्रदेश विशेष से आते हैं। हमारे मध्य प्रदेश में कैज्युअल लेबर पर ही स्थानीय जनता लगाई जाती है। किसी को भी अधिकारी के रूप में वहां नौकरी नहीं मिली है। इसमें पक्षपात से काम लिया गया है। मैंने एक प्रश्न पूछा था। उस प्रश्न को इस आधार पर वापिस कर दिया गया क्योंकि यह नीति का प्रश्न था, सरकार की पालिसी का प्रश्न था। इनमें घाटा क्यों होता है? अगर एक अफ़सर जिसको दस बारह साल की सर्विस हो जाये और चार साल पुराना आदमी आ कर अगर उसके सिर पर बैठ जाये तो उनको इससे दुख होना स्वाभाविक है। वे समझने लग जाते हैं कि हमने तो दिन रात मेहनत की लेकिन हमें कोई लाभ नहीं हुआ और कल आने वाले आदमी को हमारे सिर के ऊपर बिठा दिया गया है। एक आदमी कल आया और परसों अफसर बन गया लेकिन उन्हें अवसर नहीं दिया गया भिलाई में। एक अहूजा साहब हैं। छः साल पहले वह चार सौ रुपये पर आये थे। आज वह 2200 रुपये पा रहे हैं। लेकिन उसी योग्यता के जो लोग आज से दस साल पहले तीन सौ रुपया पाते थे, उनको पांच सौ रुपये भी नहीं मिलते हैं। कर्मचारियों में असंतोष इसीलिये पैदा होता है कि अच्छा काम करने वालों को कोई क्रेडिट और प्रोमोशन नहीं मिलती है। असल में वहां अच्छे काम से तो मतलब ही नहीं है। जैसा कि सरकारी दफ्तरों और सेक्रेटेरियट में होता है, जो अफसरों की खुशामद करे, उसको सबसे ऊपर बिठा देते हैं, चाहे उसकी सर्विस रिपोर्ट कैसी भी हो।

वास्तव में यह बिल सरकार और देश की जनता का ध्यान इस बात की ओर खींचता है कि हमने जिन सरकारी क्षेत्र के कारखानों में इस देश का 4,000 करोड़ रुपया लगाया हुआ है, उनमें घाटा क्यों हो रहा है। इस विषय में गहराई में जाने की आवश्यकता है।

17. 36 hrs.

[Shri M. B. Rana *in the Chair*]

जिन कारखानों में घाटा होता है, उसकी जिम्मेदारी उनके प्रबन्धकों पर है और उन पर कड़ा नियंत्रण रखना चाहिए। आखिर प्राइवेट सेक्टर के कारखानों में घाटा क्यों नहीं होता है। और पब्लिक सेक्टर के कारखानों में ही घाटा क्यों होता है? कहा जाता है कि पब्लिक सेक्टर के कारखानों को पूरी आटोनोमी दी जाये। लेकिन उसका परिणाम यह होता है कि प्रबन्धक लोग अपनी मर्जी के मुताबिक अफ़सर और कर्मचारी रखते हैं, अपने मन के एग्रीमेंट करते हैं, अपने मन का सामान मंगवाते हैं और इस प्रकार वहां बहुत गोल-माल होता है।

रांची के हैवी इंजीनियरिंग कारखाने में कई लाख रुपये की मशीनरी बिल्कुल खोली ही नहीं गई है, अभी तक बन्द पड़ी हुई है। उस मशीनरी का क्या होगा? उस पर सरकार का कितना पैसा लगा हुआ है? जिसके साथ किसी

कारखाने के सम्बन्ध में कोलैबोरेशन किया जाता है, वह जो मशीनरी सप्लाई करता है, कई साल तक पड़े रहने के बाद वह बेकार हो जायेगी, क्योंकि विज्ञान के इस युग में मशीनों में सुधार हो रहा है और नई नई मशीनें आ रही हैं।

हमारे कारखानों में घाटे को रोकने के लिये उनके प्रबन्धकों पर नियन्त्रण रखना बहुत आवश्यक है। अगर ऐसा नहीं किया जायेगा, तो हमारे पब्लिक सेक्टर के कारखानों में जो 4,000 करोड़ रुपया लगा हुआ है, वह डूब जायेगा। श्री कोठारी ने जो बिल रखा है, उसकी मन्शा ठीक है, लेकिन मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि हमें यह देखना पड़ेगा कि हमारे कारखानों में दोष, त्रुटि और गलती कहां है। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि जिस प्रदेश में कोई कारखाना लगा हुआ है, यथा-संभव उसमें उसी प्रदेश के लोग ही रखे जायें, बजाये इसके अगर किसी कारखाने का मैनेजिंग डायरेक्टर पंजाब का है, तो उसने सब अफसर आदि पंजाब के रख लिये और अगर मद्रास का है, तो उसने सब मद्रास के लोग भरती कर लिये।

उदाहरण के लिये एन० बी० सी० के मैनेजिंग डायरेक्टर उत्तर प्रदेश के हैं। उन्होंने बहुत से इंजीनियरों को निकाल बाहर किया है, बहुत से उत्तर प्रदेश के आदमियों को डेपुटेशन पर बुला लिया है और दिखा दिया है कि उस उपक्रम में घाटा हो रहा है। कोई देखने वाला नहीं है। मैनेजिंग डायरेक्टर साहब कहते हैं कि चूंकि उपक्रम घाटे पर चल रहा था, इसलिए उन लोगों को हटा दिया गया है।

आज समय आ गया है कि हम देखें कि बीस साल के बाद भी हमारे कारखानों में घाटा क्यों हो रहा है। जो अधिकारी उनके लिये जिम्मेदार हैं, उनको इतनी छूट नहीं देनी चाहिये कि वे राजा बनकर देश का पैसा खर्च करें, बड़े बड़े बंगलों में रहें और मोटरों में घूमें और इस प्रकार जनता के पैसे का दुरुपयोग करें जिसके परिणामस्वरूप कारखानों में घाटा हो।

मेरा सुझाव है कि सरकार इस सम्बन्ध में एक कनसल्टेटिव कमेटी बनाये, जो कि सरकार को हर महीने रिपोर्ट दे। जो भी नये डील हों, उनकी पूरी जांच पड़ताल हो और सरकार की ओर से पूरा नियंत्रण रखा जाये।

चूंकि इस बिल के द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान खींचा गया है, इसलिये अब श्री कोठारी अपने विधेयक को वापिस ले लें और सरकार अपनी ओर से शीघ्र एक बिल लाये।

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar) : The next Bill is mine. I think you must finish this discussion two minutes before 6 O'clock.

MR. CHAIRMAN : We can take up your Bill next time.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Will it not lapse next time ?

MR. CHAIRMAN : It will not lapse.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : I am doubtful. It may not be taken up. It may be a A or B category Bill. The normal practice is that the discussion is over two minutes earlier than 6 O'clock.

MR. CHAIRMAN : This Bill will not be finished today because the Minister has to reply and then Mr. Kothari has to reply. There are one or two other speakers also. Shri Maharaj Singh Bharati.

श्री महाराज सिंह भारती (मेरठ) : सभापति जी, पब्लिक सेक्टर की सुन्दरी जिन लोगों के जिम्मे रखरखाव और संवारने के लिए दी गई थी उन्होंने बजाय संवारने के उस पर और कालिख पोत दी और लोग उसको सुन्दरी के बजाय बदसूरत कहने लगे। इसमें सुन्दरी की खता नहीं है। आज भी उसको नहला धुला करके संवारा जाय तो वह पूरे हिन्दुस्तान का

[श्री महाराज सिंह भारती]

ध्यान आकर्षित कर सकती है। पब्लिक सेक्टर में अगर कहीं घाटा आया तो पब्लिक सेक्टर की वजह से नहीं आया। आसाम के अन्दर जो क्रूड आयल है प्राइवेट सेक्टर उसमें से दस टन क्रूड लेकर उससे एक टन मोम निकाल कर एक हजार रुपये में बेचता है और एक ही हजार रुपया वह 10 टन क्रूड आयल की कीमत देता है लेकिन उसी क्रूड आयल को जब पब्लिक सेक्टर लेता है तो न मोम निकालता है न मोबिल आयल निकालता है और मामूली तेल और पेट्रोल बना कर वह जो कीमती चीज उस की है उसे कोक की शक्ल में ला कर प्राइवेट सेक्टर को मिट्टी के मोल दे कर उससे कई गुना लाभ उठाने के लिए छोड़ देता है। तो अगर पब्लिक सेक्टर में पूरा मुनाफा नहीं आता है तो खता पब्लिक सेक्टर की नहीं है बल्कि नीति निर्धारित करने वाले बुद्धिहीन लोगों की है चाहे सरकारी कर्मचारी हों या राजनीतिज्ञ हों मुझे इससे कुछ नहीं लेना है। दुनिया में जब एक हजार मेगावाट के टर्बो जैनरेटर बनाये जा रहे हों जिन से एटामिक एनर्जी के जरिये या थर्मल के जरिये ढाई नये पैसे में एक यूनिट बिजली तैयार होती हो तब हिन्दुस्तान की सरकार 55 मेगावाट के टर्बो जैनरेटर बनाकर नौ नये पैसे में बिजली पैदा करे और फिर घाटा आये तो खता पब्लिक सेक्टर की नहीं है, यह नीति निर्धारित करने वाले नेताओं की है और कर्मचारियों की है। हिन्दुस्तान इस्लेक्ट्रिकसाइड्स में एक बढ़िया यूनियन बनाकर उससे मुनाफे और प्रबन्ध में हिस्सेदारी का पैक्ट करके क्षमता से दस परसेंट ज्यादा उत्पादन कर सकते हैं तो फिर दूसरी जगह आप उस स्कीम को क्यों नहीं लागू कर सकते। भिलाई है या कोई और है उसमें अपनी सरकारी यूनियन को प्रतिष्ठित करने के लिए कई कई यूनियनों के झगड़े पैदा करके कोई समझौता नहीं कर सकते और उनको मैनेजमेंट में हिस्सा नहीं दे सकते और फिर घाटे में चलते हो तो खता पब्लिक सेक्टर की नहीं है, यह सरकार की खता है और कर्मचारियों की खता है। अगर दुर्गापुर का स्टील प्लांट इंग्लैंड के दक्षिणी कारखानों से कंसार्टियम बना कर खरीदा जाता है और उसके जरूरी पुर्जे उससे नहीं लिये जाते, बाद में वह पुर्जे बनाने से इन्कार करते हैं और पुर्जों के अभाव में हम अन्डर प्रोडक्शन करते हैं और घाटा होता है तो खता पब्लिक सेक्टर की नहीं है बल्कि उन कर्मचारियों की है और हमारे नेताओं की खता है। आसाम में पैदा होने वाली गैस मुफ्त बराबर आसाम के बिजली बोर्ड को दी जाती है। उसी गैस से बिजली बनाकर नामरूप के पब्लिक सेक्टर की फैक्ट्री को इतने तेज भाव पर बिजली दी जाती है जो हिन्दुस्तान की किसी फैक्ट्री को नहीं दी जाती तो अगर उस नाम रूप की फैक्ट्री का फर्टिलाइजर वाला हिस्सा घाटे में चला जाता है तो खता पब्लिक सेक्टर की नहीं है। इसमें पब्लिक सेक्टर किधर आता है? बिरला को एल्यूमिनियम फैक्ट्री के लिए दो नये पैसे के हिसाब से उत्तर प्रदेश में बिजली देते हैं और पब्लिक सेक्टर में उदयपुर के अन्दर अगर जिंक स्मेल्टर प्लान्ट हम लाते हैं तो नौ नए पैसे के हिसाब से बिजली देते हैं। एक टन जिंक बनाने के लिए 400 रुपये की बिजली खर्च होती है। 300 रुपये फालतू हम बिजली के लिए लेते हैं और फिर भी कहते हैं कि पब्लिक सेक्टर घाटे में चलता है। श्रीमन्, पब्लिक सेक्टर घाटे में नहीं चलता है। इस देश के नेता घाटे में चलाते हैं, इस देश के अफसर घाटे में चलाते हैं, हमारी मनोवृत्ति घाटे में चलाती है, पब्लिक सेक्टर घाटे में नहीं चलता है। वह तो बहुत शानदार चीज है। जिस वक्त पब्लिक सेक्टर की बात सोची जाती है तो मुझे कहने के लिए मजबूर होना पड़ता है कोई यह नहीं समझता कि वह अपनी है। कहने के लिए लोग समाजवाद के लम्बे लम्बे नारे लगा सकते हैं। अगर मैं सरकार से यह पूछना चाहूं कि भिलाई स्टील प्लान्ट में जो आयरन स्क्रैप इकट्ठा होता है उसके बराबर में उसके खरीदार बैठे हुए हैं,

मिलाई के बराबर में छोटे छोटे कारखानेदार उसको लेना चाहते हैं लेकिन उनको नहीं देते, करोड़ों की संख्या में उनको नीलाम करना चाहते हैं। कलकत्ते के थोक व्यापारी उनको ले जाते हैं। बाद में छोटे छोटे कारखानेदार उनसे उसको ले कर जाते हैं वह 15 सैकड़ा ज्यादा पैसा देने के लिए तैयार है अगर उसी रेट पर जिस पर नीलाम होना है, थोड़ा सा उनको भी वे दें। उसमें जो घाटा आता है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है। आज आपकी स्टील मिलों को स्लैग बेकार चला जा रहा है, उसको बेच नहीं पा रहे हैं, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? पब्लिक सैक्टर का सत्यानाश किया है उन काली भेड़ों ने जो अफसरों की शक्ल में, राजनीतिज्ञों की शक्ल में बढ़िया तनख्वाह लेती है, सहूलियतें लेती हैं, जो पब्लिक सैक्टर में यकीन नहीं करते हैं और उसके अन्दर घुस कर पब्लिक सेक्टर का सत्यानाश करते है। पब्लिक सेक्टर बहुत शानदार चीज है, वह इतनी बढ़िया सुन्दरी है. सभापति महोदय, मैं सच कहता हूँ, अगर ढंग से नहला धुला कर सवार दिया जाय, तो पूरा हिन्दुस्तान उस पर आशिक हो जायेगा। लेकिन इन कम्बख्तों ने उस सुन्दरी पर ऐसी कालिख पोती है कि उसका उदाहरण नहीं है और इन कम्बख्तों को सजा देने वाला कोई नहीं है। हां, अब इन्कलाब चल रहा है, शायद कोई स्थिति ऐसी बन जाय कि इन पापियों को सजा दी जा सके।

इन शब्दों के साथ मैं कुछ हद तक इस बिल का समर्थन करता हूँ।

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central): Sir, having heard the speeches, I was not surprised that the speeches were more at a tangent with the subject dealing with losses of public undertakings. The theme of the Bill is to bring about more control and centralisation of the working and for entering into an agreement to start an industry. When we are a developing country, it is but natural for us to invite anybody and enter into agreement by way of collaboration, etc. When I went to UN, I had occasion to discuss this problem as to why the public undertakings are running into losses.

The majority of members directed their speeches towards the functioning and working of the public undertakings. Here the point is different. As Prof. Galbraith said, there is a thin line between the private sector and the public sector, in view of the scientific knowledge, technical know-how and managerial skill. Is these three factors are found either in public sector or private sector, why should we quarrel? But I have been hearing this quarrel every now and then. The main point is, whether we should give autonomy to the different undertakings or we should have control and interference and inhibit the initiative of the public undertakings by putting in a clause here that in regard to every agreement that may be entered into for the purpose of collaboration or with any private party, there must be some central authority to interfere with every clause of the agreement.

SHRI S. S. KOTHARI: For final approval.

SHRI R. D. BHANDARE: Would you like to have interference and centralisation even at the time of entering into the agreement.

When we are talking of the functioning of the autunomous bodies, at the same time, if we talk of interference, control to the extent of putting limitations and inhibition on the working of those public sector undertakings, how could we reconcile with the two.

SHRI S. S. KOTHARI: I am not referring to the day-to-day management but agreements involving crores of rupees. They should be sent to the Finance Ministry in the final form for approval.

SHRI R. D. BHANDARE: I am not dealing with the functioning of public sector or the actual management of it. I am on the simple point, which is incorporated in the Bill, whether there should be centralisation of control even at the time of entering into the agreement.

SHRI S. S. KOTHARI: That is the most important time.

SHRI R. D. BHANDARE : To what extent should there be centralisatiion ? The argument boils down to this simple proposition —Should it be centralised and should the Centre control, interference or inhibition in the freedom to enter into an agreement.

SHRI S. S. KOTHARI : Give them all freedom. Only the agreements should be sent to the government for approval in the final form.

SHRI R. D. BHANDARE : I doubt very much whether it will not result in interference. Also, at that stage no examination or study will be made. Therefore, the Bill is not in tune with the present time ; it is not in tune with the conditions of a developing country. I, therefore, oppose it in toto.

Some of my friends who have spoken on the Bill brought in Harijans. Some members are out to cash on the problems of the Harijans. Let there be any Bill or any proposition before the House, they will bring in the name of Harijans and backward classes, as if they are the cattle to be led by every person, whatever be his position or place in the society. For Heaven's sake, do not bring in the name of the Harijans on anything and everything.

*SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : Mr. Chairman, as the system of simultaneous interpretation from southern region languages into English and Hindi has been introduced in this House, I want to avail of that opportunity and speak in Tamil. Though Tamil language may not be known to the Members present here, still they will be able to follow what I say either in English or Hindi.

On the Public Undertakings (Compulsory Approval of Agreements) Bill, 1969 introduced by Shri S. S. Kothari, two sets of views were expressed in this House by the Members who particlpated in the debate so far. Before any agreement involving a consideration of Rupees Ten lakhs or more with any person, Government or semi-Government body in India or abroad by any public sector undertaking is entered into, that agreement should by scrutinised by an officer not below the rank of a Ioint Secretary either in the Ministry of Finance or in the Ministry of Law. Such an officer should also issue a certificate of approval after initialling the draft agreement. If this precaution is taken, then many serious blemishes and lacunae which are now located in such kind of agreements leading to heavy losses can be avoided. This is one view expressed by some Members. The other view is that such a scrutiny will lead to inordinate delay in the execution of projects which are of national importance. That is what my hon. friend Shri Bhandare pointed out.

We should first see what benefit will accure to the nation by accepting any of the two views expressed. I had an opportunity to visit the Heavy Electricals Plant in Ramachandrapuram in Hyderabad. The agreement in regard to this plant was to the value of Rs. 2 crores including foreign collaboration. This was established for producing switch-gears. Within three years of its starting we have incurred a loss of Rs. 95 lakhs, nearly half of the capital invested in this undertaking. If this kind of mismanagement continues, the nation is destined to suffer heavy losses, both in terms of money and much-needed plant and machinery and components. So there is every justification for demanding that the draft agreement should be scrutinised by a central authority.

This does not mean that I accept this Bill as it has been formulated. I have to give deep consideration to this Bill in a congenial atmosphere. I would commit myself whether I should support this Bill or not at the time of voting. With these words, I conclude my speech.

SHRI A. SREEDHARAN (Badagara) : Mr. Chairman, when I rise to speak on this Bill, I would like to make it clear that I agree with the principle of the Bill. As to how it should be implemented and how it could be implemented, these are points into which we will have to go more cautiously.

The question has been raised that Government should keep a very close watch on the activities of public undertakings. The controversy of private undertakings *versus* public undertakings is raging today but my feeling is that that the public under-

*The original speech was delivered in Tamil.

takings have gone wrong. It is largely because of the irresponsible attitude adopted by this Government.

Time and again on the floor of this House as a Member from Kerala I have pointed out the various irregularities in the running of Fertilisers and Chemicals (Travancore) Limited. I will quote what the Committee on Public Undertakings has said about the management and agreement entered into by this concern :

> "As a commercial concern FACT has to see that any agreement entered into by it is to its advantage and enforced to safeguard its interests. But in the case of the agreement entered into with this Society, this was not the case. What is difficult to understand is that inspite of repeated comments of the auditors and even after the resolution of the Board of Director authorising the Managing Director to take appropriate measures to obtain the necessary security from this Society no action was taken to secure the amount outstanding against the Society which amounted to Rs. 6,31,52 as on 31st December, 1968."

After this report of the Public Undertakings Committee the Minister of State in the Ministry of Petroleum and Chemicals, Shri D. R. Chavan—he is here—went to Fertilisers and Chemicals (Travancore) Limited, Alwayee and said about this management, which has been condemed, called inefficient and pulled up by a Committee of Parliament, that here was an effective and efficient management. As long as there are ministers like Shri D. R. Chavan in this Cabinet, who can be bought by managing directors, who go and enjoy all the pleasures that they give, the public undertakings in this country shall go to dogs.

SHRI R. D. BHANDARE : You are imputing motives.

SHRI A. SREEDHARAN : I am prepared to prove it provided you conduct an inquiry. I know Shri Chavan and the way his mind works ; I know where he lived there and what happened in that guest house. Here is a committee of Parliament which says that the management is inefficient and useless... (*Interruption*) and he says that this management is effective .. (*Interruption*).

SHRI TULSHIDAS JADHAV (Barawati) : On a point of order, Sir.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND MINES AND METALS (SHRI D. R. CHAVAN) : I went on a tour and paid a visit to the Fertilisers and Chemicals (Travancore) Limited, some time back. There was a function organised by the management for the purpose of releasing their product called hocompos and also dry ice. In the speech which I made, I did not mention anything about the management. Subsequently, when the press people put a question, "What do you think about the management ?" I said, about the Cochin Fertiliser project which was being implemented, after I went round and saw it, that I was completely satisfied with the management work. Therefore, I paid a compliment....

18 hrs.

SHRI A. SREEDHARAN : He paid tributes to the Managing Director of the concern which has been condemned by the Public Undertakings Committee. (*Interruptions*)...

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur) : We have condemned it on the floor of the House. Why has he not been removed ? (*Interruptions*)

SHRI RANDHIR SINGH : What is this ? The Minister must be heard.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara) : May I raise a point of order ? It is past 6 O'Clock now. Shri Sreedharan may continue the next day.

SHRI D. R. CHAVAN : After seeing the work, I paid a compliment to the management. I stand by it. But to attribute motives to me because I was treated well by the management is absolutely wrong. I repudiate it. (*Interruptions*)

SHRI A. SREEDHARAN : You hold an inquiry and I will prove my allegation.